मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 20/01/2026

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति - 42/2026
20 जनवरी 2026
दावोस / स्विट्ज़रलैंड/रांची
=================
दावोस में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का ब्लूमबर्ग एशिया-पैसिफिक मीडिया से संवाद
झारखण्ड के अगले 25 वर्षों के विकास विज़न और वैश्विक सहभागिता पर हुई चर्चा
================
दावोस / स्विट्ज़रलैंड/रांची

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में भाग लेने के दौरान मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अंतरराष्ट्रीय मीडिया समूह ब्लूमबर्ग एशिया-पैसिफिक की मैनेजिंग डायरेक्टर मिस सुनीता राजन के साथ विस्तृत संवाद किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दावोस में झारखण्ड की सहभागिता के उद्देश्य, राज्य की प्राथमिकताओं तथा झारखण्ड के अगले 25 वर्षों के दीर्घकालिक विकास विज़न की रूपरेखा साझा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक युवा झारखण्ड है, जो पहली बार दावोस जैसे वैश्विक मंच पर अपने सामर्थ्य, संभावनाओं और विज़न के साथ उपस्थित हुआ है। उन्होंने बताया कि झारखण्ड अब केवल खनिज-आधारित अर्थव्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रीन इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट, क्रिटिकल मिनरल्स, स्वच्छ ऊर्जा, मानव संसाधन विकास और समावेशी आर्थिक वृद्धि के क्षेत्रों में नई पहचान बना रहा है।
मुख्यमंत्री ने यह भी बताया किया कि झारखण्ड सरकार अगले 25 वर्षों के लिए संतुलित, टिकाऊ और रोजगार-केन्द्रित विकास मॉडल पर कार्य कर रही है, जिसमें वैश्विक निवेश, तकनीक हस्तांतरण और संस्थागत साझेदारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

इस अवसर पर ब्लूमबर्ग एशिया-पैसिफिक के प्रतिनिधियों ने जानकारी दी कि ब्लूमबर्ग द्वारा भारत में आगामी अक्टूबर माह में ग्लोबल स्पेशल राउंडटेबल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस उच्चस्तरीय कार्यक्रम में फॉर्च्यून 500 कंपनियों के प्रमुख, वैश्विक उद्योग जगत के नेता, नीति-निर्माता तथा न्यूयॉर्क के पूर्व मेयर सहित विभिन्न क्षेत्रों के कई प्रतिष्ठित वैश्विक लोग भाग लेंगे। ब्लूमबर्ग एशिया-पैसिफिक की मैनेजिंग डायरेक्टर सुनीता राजन ने मुख्यमंत्री को इस राउंडटेबल में भाग लेने का औपचारिक आमंत्रण दिया और झारखण्ड के विकास एजेंडे को वैश्विक नेतृत्व के समक्ष प्रस्तुत करने में रुचि व्यक्त की।
गौरतलब है कि ब्लूमबर्ग एशिया-पैसिफिक मीडिया, ब्लूमबर्ग मीडिया के वैश्विक नेटवर्क का हिस्सा है, जो एशिया-पैसिफिक क्षेत्र में व्यापार, वित्त और बाज़ार से जुड़ी सूचनाएं टीवी, डिजिटल, प्रिंट और वैश्विक आयोजनों के माध्यम से उपलब्ध कराता है। मुख्यमंत्री ने इस संवाद को झारखण्ड के लिए वैश्विक मंचों पर अपनी विकास यात्रा और निवेश संभावनाओं को प्रभावी रूप से प्रस्तुत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण अवसर बताया।
###
=============
#TeamPRD(CMO)